आदेश क्रमांक / तिथि Order No./Date	आदेश एव पदाधिकारी का हस्ताक्षर Order and Signature of Officer	आदेश की गयी कार्रवाई तिथि सहित Action taken on order with date
02/IX/XX	**न्यायालय उपायुक्त, खूँटी ।** **आदेश** प्रस्तुत वाद पुलिस अधीक्षक, खूँटी के पत्रांक 189/चु0को0 दिनांक 03.04. 2014 के द्वारा थाना प्रभारी कर्रा के प्रतिवेदन के आधार पर वाद प्रारंभ किया गया तथा विपक्षी को कारण पृच्छा सूचना निर्गत किया गया। थाना प्रभारी कर्रा द्वारा प्रतिवेदित किया गया कि आवेदक को शस्त्र का भौतिक रूप से सत्यापन कराने तथा जमा कराने का प्रयास किया गया, परन्तु वे उपस्थित नहीं हुए। थाना प्रभारी द्वारा यह भी प्रतिवेदित किया गया कि उक्त आदेश का पालन आवेदक द्वारा नहीं किया गया, जो चुनाव से संबंधित आदेश का उल्लंधन है। विपक्षी के पुत्री मुदित तोपनो, D/o स्व0 बंगरा संतोश तोपनो साकिन रून्जु पोस्ट तिलमी, थाना कर्रा, जिला खूँटी ने कारण पृच्छा दाखिल किया गया है। कारण पृच्छा में उल्लेखित है कि इनके पिता स्व0 बंगरा संतोश तोपनो के नाम से XX47 S.B.B.L. अनुज्ञप्ति निर्गत है। इनके पिता की मृत्यु दिनांक 22.11.2002 को हो गई। इनके पिता की मृत्यु पश्चात् गन एवं अनुज्ञप्ति को क्षेत्र में उग्रवाद बढने के कारण कर्रा थाना में जमा कर दिया गया, जो कर्रा थाना में है। इनको गन एवं अनुज्ञप्ति की आवश्यकता नहीं है। अतः उचित आदेश पारित करने हेतु अनुरोध किया गया है। पुलिस अधीक्षक, खूँटी के प्रतिवेदन, विपक्षी के पुत्री द्वारा दाखिल कारण पृच्छा एवं अभिलेख में सलंग्न कागजातों के अवलोकन पश्चात् यह निष्कर्ष निकलता है कि विपक्षी जिनके नाम से अनुज्ञप्ति संख्या XX47 S.B.B.L निर्गत है उनकी मृत्यु दिनांक 22.11.2002 को हो चुकी है। जिसके कारण अनुज्ञप्ति को बहाल रखना उचित नहीं होगा। अतः विपक्षी को निर्गत लाईसेंस नं0 XX47 S.B.B.L गन नं0 54278 को रदद् करने की कार्रवाई हेतु शस्त्र दण्डाधिकारी को अग्रेतर कार्रवाई हेतु भेजें। लेखापित एवं संशोधित Sheel. 02/IX उपायुक्त, खूँटी। Sheel. उपायुक्त, खूँटी।	